Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to hand over historical Fort in Prayagraj district, Uttar Pradesh to Archaeological Survey of India.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र फूलपुर, जनपद प्रयागराज, उ0प्र0 में देश व विदेशों से लाखों पर्यटक आते हैं । पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गंगा-यमुना एवं सरस्वती का पावन तट (संगम क्षेत्र) पर पुराने एवं ऐतिहासिक किले को सेना के नियंत्रण से मुक्त कराकर ‘भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ‘को सौंपा जाय । इस किले में प्राचीन ‘अक्षयवट ’का वृक्ष भी स्थित है जो भारतीय सेना के नियन्त्रणधीन है । मैं आदरणीय मोदी जी को बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करती हॅू जिन्होंने उपरोक्त अक्षयवट वृक्ष जिस पर पूरे देशवासियों की श्रद्धा हैं, स्वयं पधारकर जन-मानस हेतु मेले के समय दर्शन करने के लिए सुलभ कराया था । सेना के नियंत्रण में होने के कारण इस किले का रख-रखाव एवं प्रचार-प्रसार उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रही है ।

मैं प्रयागराज की जनता की तरफ से अनुरोध करती हॅू कि गंगा-यमुना एवं सरस्वती के पावन तट (संगम क्षेत्र) के ऐतिहासिक किले को आगरा के किले की भाँति ‘भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ‘को सौंपा जाय, जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिले एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके ।